**खबर संक्षेप**

### बका लेकर लोगों को डरा रहा युवक गिरफ्तार

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं गुंडा-बदमाशों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया तथा नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया एवं थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्रा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय के नेतृत्व में हथियार सहित एक बदमाश को पकड़ कर उसके खिलाफ कार्यवाही की गई। पुलिस के मुताबिक 4 अक्टूबर को चौकी प्रभारी बिलहरी को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि करहिया मोड़ के पास एक व्यक्ति बका लहराकर लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम वीरेंद्र सिंह ठाकुर उर्फ भक्का पिता स्व. रज्जू सिंह ठाकुर 30 वर्ष निवासी मढिया, चौकी बिलहरी, थाना कुठला बताया। आरोपी के पास से एक अवैध बका बरामद किया गया, जिसके संबंध में वह कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी का कृत्य धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत दंडनीय पाए जाने से उसके विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर अवैध हथियार जप्त किया गया।

### विधायक जायसवाल ने पोषण प्रदर्शनी का किया निरीक्षण



**कटनी।** पीएचसी कन्हवारा में स्वास्थ्य सिविर के आयोजन अंतर्गत विधायक जायसवाल द्वारा पोषण प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में सीएमएचओ श्री सिंह महिला बाल विकास विभाग अधिकारी श्रीमती विद्या पांडे की विशेष उपस्थित रही। विधायक द्वारा महिला बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैं पोषण अभियान कार्यक्रम का अवलोकन किया गया। कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक द्वारा लगाए गए पोषण व्यंजन का जायजा विधायक द्वारा लिया गया एवं व्यंजन की तारीफ़ भी की गई। साथ ही हितग्राहियों को THR के बने व्यंजन को बताया एवं हितग्राहियों को सेवन करने की समझाइस विधायक द्वारा दी गई। इसके साथ ही दो SAM बालिकाओं को पोषण किट वितरण विधायक ने अपने हाथों से किया। कार्यक्रम में बारडोली वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष रामलखन चौधरी द्वारा कुपोषित बच्चों को पोषण किट वितरण एवं शौर्य लैंप वितरण करने का संकल्प लिया। आगे पोषण प्रदर्शनी ओर भी महिला बाल विकास विभाग द्वारा 16 अक्टूबर तक विभिन्न केंद्र में लगाई जाएंगी कार्यक्रम में पर्यवेक्षक सुमन पटेल कंचन मौर्य स्वाति सोनी प्रेमलता सपना नामदेव राकेश हिंदूजा एवं अन्य ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

**माधवनगर थाना अंतर्गत राबर्ट लाइन क्षेत्र में हुई हत्या, पुलिसिया चौकसी कटघरे में**

# बदमाशों ने आधी रात को चाकू से गोद कर युवक को उतारा मौत के घाट, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माधवनगर थाना क्षेत्र के राबर्ट लाइन में बीती रात करीब साढ़े 12 बजे एक युवक की चाकू मारकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। तीन बदमाशों ने युवक को चाकू से गोद डाला। घटना के बाद उसे गंभीर रूप से घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन इलाज के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव हो जाने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्याकांड को अंजाम देने वाले तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। यह बात भी सामने आई है कि जिन तीनों बदमाशों ने युवक की चाकू से गोद कर हत्या की वे पहले भी जघन्य वारदात को अंजाम दे चुके हैं। मृतक की पहचान रॉबर्ट लाइन निवासी 25 वर्षीय गागा उर्फ गगन पिता कालू राम बजाज के रूप में हुई है।



## निगरानीशुदा बदमाश है आरोपी

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए माधव नगर थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने इस मामले में तीन संदिग्धों सिविल लाइन निवासी 24 वर्षीय अभय दुबे, 21 वर्षीय साहिल वाधवानी एवं आशीष उर्फ भूरा उर्फ प्रेम तिवारी को हिरासत में लिया है जिनमें एक निगरानी शुदा बदमाश भी बताया जा रहा है। शुरुआती जांच में मुख्य आरोपी के रूप में अभय दुबे का नाम सामने आया है। पुलिस के अनुसार मृतक गगन का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं था। पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपी गत दिवस प्रतिमा विसर्जन देखने माधव नगर गए थे जहां पर मामूली सी बात को लेकर उनकी कहा सुनी गगन और गागा से हो गई। जरा सी बात को लेकर उपजे विवाद में तीनों बदमाशों ने चाकुओं से दनादन गगन के ऊपर वार कर दिया। कमर के नीचे किए गए वार के कारण गगन का रक्त अत्यधिक बह गया जिससे अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

## शव लेकर पहुंचे एसपी ऑफिस

गगन की हत्या से गुस्साए परिजन रविवार सुबह उसका शव लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे। गगन की बहन नेहा जिंगलानी ने आरोप बताया कि अजय लालवानी के परिवार और उनके परिवार के बीच पुरानी रंजिश थी। शनिवार देर रात भाई गगन दुर्गा विसर्जन कर घर वापस आ रहा था। इस दौरान अजय लालवानी के घर में शराब पार्टी हो रही थी। वहां बैठे आरोपियों ने मेरे भाई को रोका और धारदार हथियार से इतना मारा कि उसकी मौत हो गई। मुख्य आरोपी अजय को गिरफ्तार किया जाए। माधव नगर थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। परिजनों के संदेह पर अजय लालवानी से भी पूछताछ की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# आर्मी जवान से मारपीट करने वालों को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माधवनगर थाना की झिंझरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत हीरा ढाबा में 21 सितंबर को वीरेन्द्र सराफ एवं आर्मी के जवान शरद तिवारी निवासी गनियारी के साथ मारपीट करने वाले आरोपियो को एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डॉ0 संतोष डेहरिया, सीएसपी श्रीमति नेहा पच्चीसीया एवं थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे के मार्गदर्शन में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। विदित हो कि 21 सितंबर के रात्रि मे 12.30 बजे हीरा ढाबा गुलबारा बायपास मे फरियादी विरेन्द्र सराफ पिता धनेन्द्र सराफ एवं आर्मी के जवान शरद तिवारी के साथ कुछ आरोपियो के द्वारा मारपीट कर तोडफोड की गई थी। थाना माधवनगर मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

विवेचना मे आरोपी विवेक तिवारी पिता ओमप्रकाश तिवारी 27 वर्ष निवासी आधारकाप प्रियाशु रजक पिता राजेन्द्र रजक 25 वर्ष निवासी चाण्डक चौक शुभम उर्फ सुम्मी दुबे पिता राकेश दुबे 22 वर्ष निवासी आधारकाप हर्ष तोमर पिता बालकृष्ण तोमर 24 वर्ष निवासी आधारकार, राहुल रजक पिता दीनदयाल रजक 28 वर्ष निवासी आधारकाप, नितीन निषाद पिता कन्हैयालाल निषाद 19 वर्ष निवासी आधारकाप को गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

कार्यवाही में चौकी प्रभारी उनि प्रियंका राजपूत के नेतृत्व में सउनि शशिभूषण सिंह, प्रधान आरक्षक पंकज त्रिपाठी, आरक्षक अजय सिंह, आरक्षक चन्द्रकमल पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**पुलिस ने 48 घंटे के भीतर वारदात में शामिल आरोपितों को पकड़ा**

# चाकूबाजी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

थाना मुख्यालय स्लीमनाबाद मे दशहरे के अवसर 2 अक्टूबर की रात्रि मे हुई चाकूबाजी की घटना मे शामिल सभी 5 आरोपियों को स्लीमनाबाद पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।

थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 अक्टूबर दशहरे पर रात्रि लगभग 10 बजे स्लीमनाबाद में हुई चाकूबाजी की घटना में प्रार्थी रविंद्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुल्ला कोल, तुषार कोल व अन्य साथियों ने उसके भाई सिकंदर यादव पर जान से मारने की नियत से चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। रिपोर्ट पर थाना स्लीमनाबाद में अपराध क्रमांक 551/25 धारा 115(2), 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।



घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 48 घंटे में ही आरोपी सचिन कोल 21 वर्ष मनीष कोल 19 वर्ष तथा 3 विधिविरुद्ध बालकों को गिरफ्तार कर एक चाकू बरामद किया गया।आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक अंजनी मिश्रा, जुबेर अली,प्रधान आरक्षक अंकित दुबे,आरक्षक रजनीश तेकाम, सोने सिंह,विवेक कुमार एवं अभिषेक सिंह की अहम भूमिका रही।

**राज्यपाल के प्रस्तावित प्रवास के मद्देनजर तैयारियों का जायजा**



राज्यपाल मंगुभाई पटेल के प्रस्तावित प्रवास के मद्देनजर कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने रविवार को स्लीमनाबाद पहुंच कर व्यवस्थाओं और तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहेरिया, एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया, सीएमएचओ डा राज सिंह ठाकुर, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग शारदा सिंह, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विमल चौरसिया, कार्यपालन यंत्री एन व्ही डी ए सहज श्रीवास्तव, उपसंचालक कृषि डा रामनाथ पटेल, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन व्ही ए सिद्दिकी, अतिरिक्त सीईओ अनुराग मोदी, जनपद पंचायत सीईओ बहोरीबंद और एस डी ओ पी स्लीमनाबाद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन पर कलेक्टर ने की कार्यवाही**

# आदतन अपराधी को 6 महीना तक थाना में उपस्थित होने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने प्रेमनगर कटनी निवासी निखिल विश्वकर्मा पिता मुन्नी लाल विश्वकर्मा उम्र 23 वर्ष के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 6 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 और 16 तारीख को पुलिस थाना एनकेजे में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है।

निखिल के विरूद्ध थाना एनकेजे में वर्ष 2019 से अब तक कुल 7 आपराधिक प्रकरण दर्ज किये जा चुके हैं। इसमें गाली-गलौज करना, जातिगत अपमानित करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना एवं जुआ जैसे अपराध शामिल है। निखिल स्वयं व अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट, गाली गलौज कर, जातिगत शब्दों से अपमानित करना व मारपीट कर चोट पहुंचाने जैसे घटनाओं को अंजाम देता चला आ रहा था।पुलिस द्वारा निखिल के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी की गतिविधियों में कोई सुधार नहीं हुआ।

निखिल विश्वकर्मा द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री तिवारी ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 6 माह तक हर माह पुलिस थाना एनकेजे में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

# सरपंचपति के तानाशाही रवैये से ग्रामीणों में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बरही में हाल ही में एक रंगमंच का निर्माण किया गया। इस नवनिर्मित रंगमंच का जिस उद्देश्य से निर्माण हुआ था आज वह उद्देश्य गौण होता दिखाई दे रहा है। रंगमंच पर ग्रामीणों के बजाय सरपंचपति का दबदबा बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंचपति ने इस सार्वजनिक स्थल को अपनी निजी संपत्ति समझ लिया है और उसका उपयोग केवल अपने स्वार्थ और व्यक्तिगत गतिविधियों के लिए किया जा रहा है।

## तानाशाह रवैया

रंगमंच का निर्माण इसलिए किया गया था कि ग्राम के लोग धार्मिक आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकगीत-लोकनृत्य, पंचायत स्तरीय बैठकें और सरकारी योजनाओं से जुड़ी गतिविधियाँ कर सकें। यह ग्रामीण युवाओं को अपनी कला व प्रतिभा दिखाने का स्थान प्रदान करता और समाज में मेल-जोल को प्रोत्साहित करता लेकिन इसकी स्थिति इसके विपरीत हो गई है। बरही ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी चुनी हुई सरपंच पर है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पंचायत की कार्यप्रणाली में सरपंचपति की पकड़ ज्यादा मजबूत है। सरपंचपति रंगमंच का उपयोग निजी समारोहों, पारिवारिक कार्यक्रमों और राजनीतिक गतिविधियों के लिए करने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब भी गाँव में कोई सामाजिक या सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात होती है, तो अनुमति देने के नाम पर अड़चनें खड़ी कर दी जाती हैं। आम लोगों को रंगमंच इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जाती या फिर शर्तें इतनी कठिन बना दी जाती हैं कि लोग पीछे हट जाएँ। ग्रामीणों के अनुसार, यह रवैया तानाशाही की तरह है जहाँ सार्वजनिक स्थल पर केवल एक ही परिवार का अधिकार है।



## ग्रामीणों में बढ़ता आक्रोश

बरही ग्राम पंचायत के लोगों में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि रंगमंच जनता की संपत्ति है, जिस पर हर ग्रामीण का बराबर का अधिकार है। लेकिन सरपंचपति द्वारा कब्जा जमाने के कारण वे अपनी इच्छानुसार कार्यक्रम आयोजित नहीं कर पा रही हैं। ग्रामीणों का आक्रोश केवल नाराज़गी तक सीमित नहीं है, बल्कि धीरे-धीरे यह असंतोष आंदोलन का रूप भी ले सकता है। यदि हालात नहीं सुधरे तो ग्रामीण पंचायत भवन और रंगमंच के बाहर विरोध-प्रदर्शन करने को मजबूर हो सकते हैं।

**छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत के बाद सीरफ जब्त करने के दिए गए है निर्देश**

# कलेक्टर के निर्देश पर दवा दुकानों की अधिकारियों ने की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

छिंदवाड़ा जिले में कोलड्रिफ कफ सिरप के कारण बच्चों की हुई दुखद मृत्यु के बाद कलेक्टर आशीष तिवारी ने कटनी जिले में कोलड्रिफ कफ सिरप के क्रय, विक्रय,संधारण और वितरण को पूर्णतः प्रतिबंधित करते हुए औषधि निरीक्षक और फार्मासिस्टों को केमिस्टों और दवा दुकानों की जांच कर कोलड्रिफ कफ सिरप को जप्त करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश के पालन में दवा दुकानों की जांच में कोलड्रिफ कफ सिरप नहीं पाई गई। औषधि निरीक्षक मनीषा धुर्वे ने बताया कि जांच के समय क्लोरफेनिरामाइन और फिनाइलेफेरिन एफडीसी की अन्य दवाईयां पाई गई है। एहतियातन इनका क्रय-विक्रय तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया एवं इन फिक्स डोज कंबिनेशन की दवाईयां तुरंत कंपनियों को वापस करने हेतु निर्देशित किया गया। औषधि नियंत्रक भोपाल द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार दवा विक्रेताओं को अवगत कराया गया कि एफ.डी.सी. 4 वर्ष से कम आयु के बच्चों में उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। किसी भी स्थिति में इन दवाइयों का विक्रय रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टीशनर के पर्चे के बिना नहीं किया जावे। सभी दवा विक्रेताओं को दवा विक्रेता संघ केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोशिएशन के माध्यम से पत्र जारी कर अवगत कराने कहा गया है।



## इन दवा दुकानों की हुई जांच

कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देशानुसार रविवार कोऔषधि निरीक्षक मनीषा धुर्वे और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय औषधि भंडार में पदस्थ फार्मासिस्ट प्रियंका यादव एवं दीपक यादव के साथ कोलड्रिफ कफ सिरप के संबंध में जिला अस्पताल के सामने स्थित शर्मा मेडिकोज, गोपाल मेडिकल स्टोर्स, एम.जी.एम. हॉस्पिटल स्थित मेडिकल स्टोर, खिरहनी स्थित कन्हैया मेडिकोज, अभिषेक केमिस्ट, हिंद मेडिकोल, चांडक चौक स्थित न्यू कुशवाहा मेडिकल स्टोर्स, दुर्गा मेडिकोज की जांच की गई। जांच के समय दुकान में कोलड्रिफ कफ सिरप मेसर्स श्रीसन फार्मास्युटिकल नहीं पाई गई।

जनहित को देखते हुए यदि किसी दवा विक्रेता के पास पूर्व से ही ये दवायें संधारित हो तो उन्हें इसकी सूचना तुरंत कार्यालय उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन कटनी को देने कहा गया है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य ने समस्त औषधि निर्माताओं, औषधि निरीक्षकों, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा मेडिकल कॉलेजों के डीन को क्लोर फ़ेनिरामाइन मेलिएट एवं फ़ेनाइलफ्रिन एचसीएल के उपयोग के संबंध में एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें क्लोरफेनिरामीन मेलिएट IP 2mg + फिनाईलफ्रिन HCL IP 5mg ड्रॉप/मि.ली. के संयोजन का निर्माण करने वाली सभी कम्पनियों को अपने औषधि के लेबल, पैकेज इंसर्ट एवं प्रचार साहित्य पर यह चेतावनी स्पष्ट उल्लेखित होना जरूरी है की - "यह एफ.डी.सी. 4 वर्ष से कम आयु के बच्चों में उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

# शरद पूर्णिमा पर मंदिरों मे होंगे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

सनातन धर्म में शरद पूर्णिमा का विशेष महत्व है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा शरद पूर्णिमा के नाम से जानी जाती है। शरद पूर्णिमा व्रत को रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। शरद पूर्णिमा महोत्सव स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे आस्था व उल्लास के साथ मनाया जायेगा। तहसील क्षेत्र के मंदिरों मे सुबह से लेकर देर शाम तक विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, हरिदास ब्रजधाम कोहका, कौड़ियि स्थित श्रीराम जानकी मंदिर व खिरहनी स्थित जगदीश धाम मंदिर मे शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया जायेगा वहीं घरों व मंदिरों मे भी पूजा अर्चना की जाएगी।

पंडित रमाकांत पौराणिक ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा मनाई जाएगी इसके अलावा स्नानदान पूर्णिमा 7 अक्टूबर को रहेगी। अश्विन मास की पूर्णिमा तिथि 6 अक्टूबर को दोपहर 12बजकर 23 मिनट से शुरू होगी ओर अगलें दिन 7अक्टूबर को सुबह 9 बजकर 16 मिनट बजे समाप्त होगी।



## बांधा मंदिर में शरद महोत्सव

श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा में 7 अक्टूबर मंगलवार को स्नान दान पूर्णिमा के पवित्र अवसर पर शरद महोत्सव आयोजित होगा । उक्त अवसर पर क्षेत्रीय विधायक प्रणय पांडेके द्वारा प्रदत्त पांच लाख की राशि से निर्मित कार्यों का उनके द्वारा लोकार्पण होगा । सायं 6बजे स्थानीय बालक बालिकाओं द्वारा पवित्र गोप-गोपिका के भाव से नृत्य महाआरती तथा अत्यंत मनभावक गरबा नृत्य होंगे । सायं 7 बजे भगवान श्री राधा कृष्ण जी, आदि शक्ति मां गायत्री जी, भगवान भोलेनाथ जी, विघ्न विनाशक गणेश जी एवं हनुमान जी की भव्य महाआरती होगी । शरद पूर्णिमा के संबंध की पौराणिक गाथा अनुसार इस रात्रि में भगवान श्री कृष्ण जी ने जगत को आनंदित करने हेतु श्री राधा रानी जू एवं गोपियों के साथ परम महारास रचाया था तथा प्रकृति ने अमृत वर्षा की थी । ऐसे ही अप्रतिम वातावरण में बांधा मंदिर में भगवान के महारास के दर्शन के साथ अमृतरूपी खीर प्रसाद का वितरण होगा । श्री राधा कृष्ण सेवा समिति के पंडित रामनरेश त्रिपाठी, नवनीत चतुर्वेदी ,महेश पाठक, सीताराम मिश्रा ,मनोज पाठक, सत्येंद्र त्रिपाठी ,कृष्णकांत पांडे ,राघवेंद्र दुबे ने पहुंचने अपील की है

## खबर संक्षेप


### बरसी मेला के लिए नगर निगम की तैयारियां प्रारंभ

**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र माधव नगर में बरसी मेला के आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार नगर निगम प्रशासन ने आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिसके तहत रविवार को माधव नगर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान माधव दरबार, बाबा माधव शाह हॉस्पिटल के अंदर, सहित माधव नगर गेट से द्वारिका सिटी होते हुए पी डब्ल्यू डी मार्ग, सहित माधव नगर के अन्य मुख्य मार्गों, गलियों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, खरपतवार की कटाई कराई जाकर अपशिष्ट का उठाव किया गया, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण मिल सके। निगम के स्वच्छता अमले द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों स्टेशन रोड, सुभाष चौक, घंटाघर, मिशन चौक, दुर्गा चौक, भारत चौक से जयहिंद चौक, बस स्टैंड, पन्ना मोड़ सहित विभिन्न मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों सहित नगर के मुख्य मार्गों के डिवाइडर की सफाई कर मार्गों को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किए गए। वहीं नदी पार स्थित मुक्तिधाम परिसर सहित पहुंच मार्ग एवं नई बस्ती स्थित सरस्वती स्कूल , कनकने स्कूल प्रांगण की सफाई का कार्य स्वच्छता मित्रों द्वारा किया गया। इसके अलावा सुगम जल निकासी सुनिश्चित करने हेतु कावस जी वार्ड स्थित भट्टा मोहल्ला, श्मशान भूमि रोड, मंजू वंशकार एवं संजय वंशकार सहित नगर के अन्य स्थलों में नालियों एवं नालों की सफाई कराई सुगम जल निकासी के प्रयास किए गए।

### व्यापारी सम्मेलन एवं स्वदेशी संकल्प अभियान आज

**कटनी।** होटल सत्कार में 7 अक्टूबर को व्यापारी सम्मेलन एवं स्वदेशी संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता उपस्थित रहेंगे। व्यापारिक संगठन कैट के प्रदेश मंत्री आशीष गुप्ता बाबा एवं जिला अध्यक्ष बालमुकुंद गुप्ता ने बताया कि 7 अक्टूबर, दिन मंगलवार को प्रातः 11:30 बजे होटल सत्कार, पन्ना तिराहा में उक्त आयोजन होगा इस कार्यक्रम में व्यापारियों की समस्याओं का चिंतन एवं निराकरण करना और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु स्वदेशी संकल्प अभियान के साथ कार्य करना है। इस आयोजन में व्यापारियों की उपस्थिति व्यापारी एकता को मजबूती और कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करेगी। आशीष गुप्ता ₹बाबा₹ प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी और बालमुकुंद गुप्ता जिलाध्यक्ष ने सभी सम्माननीय व्यापारी बंधुओं से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के मार्गदर्शन को सुनने का अनुरोध किया है।

### जिले में अब तक 1162.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज



**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से 5 अक्टूबर तक कुल 1162.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1481.2 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 1072.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 8.4 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 1217.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1481.2 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 1040 मिलीमीटर, बरही तहसील में 1042 मिमी और विजयराघवगढ़ तहसील में 991.9 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 1057 मिमी एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1356.8 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 1109 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

#### जिम्मेदारों की सरपरस्ती एवं मिलीभगत से किया जा रहा मनमाना दोहन

# संरक्षण एवं मिलीभगत से माफियाओं द्वारा घाटों से की जा रही रेत निकासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



खनिज संपदा का माफियाओं द्वारा मनमाने तरीके से दोहन किया जा रहा है। नियमों की परवाह है न ही कानूनी कार्यवाही है। माफिया इसलिए भी बेखौफ है कि जिन पर कार्यवाही का जिम्मा है उन्हीं का संरक्षण मिला हुआ है। सब कुछ देखकर एवं शिकायतों के बाद भी किसी तरह की कार्यवाही का नहीं होना मिलीभगत का इशारा कर रहे हैं। दूसरी ओर माफियाओं को सफेदपोशों के सरपरस्ती भी मिली हुई है। तहसील ढीमरखेड़ा के अनेकों घाटों से रेत का अवैध दोहन इसका ताज़ा उदाहरण है। प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी और मिलीभगत के कारण घाट-घाट से रेत ट्रैक्टर, डंपर और ट्रकों में भरकर बेची जा रही है। स्थानीय अधिकारियों से ले देकर मनमाने तरीके के नदी से रेत की निकासी की जा रही है जिससे शासन को राजस्व की चपत लग रही है।

### रेत माफ़ियाओं का बोलबाला

ढीमरखेड़ा क्षेत्र में नदी-नालों से रेत का खनन लंबे समय से होता आया है। सरकार द्वारा वैधानिक एवं नियमों के तहत रेत निकासी की अनुमति दी जाती है लेकिन अधिक कमाई के लिए नियमों को ताक पर रखकर खनिज संपदा का दोहन किया जाता है। मनमाने तरीके से किये गए रेत निकासी से न सिर्फ नदियों का स्वरूप बिगड़ता है बल्कि शासन को भी राजस्व की क्षति होती है। अत्याधिक गहराई एवं अनुमति से अधिक क्षेत्र में खनन पर्यावरण के लिए विनाशकारी साबित होता है। यहाँ रेत माफ़ियाओं का इतना दबदबा है कि आम आदमी विरोध के स्वर नहीं उठा सकता। किसी ने विरोध करने की कोशिश की तो उसे धमकियाँ दी जाती हैं। कई बार तो मारपीट और झूठे मुकदमों का सामना भी करना पड़ता है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रशासन क्या कर रहा है? तहसील और ज़िला स्तर पर राजस्व विभाग, पुलिस, खनन विभाग और पर्यावरण विभाग जैसी कई एजेंसियाँ मौजूद हैं जिनकी ज़िम्मेदारी है कि वे अवैध खनन पर रोक लगाएँ। मगर ढीमरखेड़ा में तस्वीर इसके उलट है। आरोप है कि स्थानीय अधिकारी और कर्मचारी रेत माफ़ियाओं से मोटी रकम लेकर आँखें मूँद लेते हैं। कभी-कभार खानापूर्ति के लिए छापे डाले जाते हैं, लेकिन पहले से सूचना पहुँच जाती है और बड़े वाहन बच निकलते हैं। अगर कोई पकड़ा भी जाता है तो उस पर इतना मामूली जुर्माना लगाया जाता है कि वह अगले ही दिन फिर से उसी धंधे में लग जाता है।

अंधाधुंध खनन से नदियों का प्राकृतिक प्रवाह बाधित होता है। पानी का स्तर गिरता है और गर्मी के दिनों में जलसंकट गहराता है। नदी किनारे की उपजाऊ भूमि बंजर होती जा रही है। जब रेत निकाल ली जाती है, तब मिट्टी का संतुलन बिगड़ जाता है और पैदावार घटने लगती है। मछलियों, पक्षियों और अन्य जलीय जीवों का प्राकृतिक आवास नष्ट हो जाता है। भारी ट्रकों की आवाजाही से गाँवों की सड़कों की हालत खराब हो रही है। धूल और प्रदूषण से बीमारियाँ फैल रही हैं। रेत माफ़ियाओं के हौसले इतने बुलंद हो जाते हैं कि वे खुलेआम प्रशासन और जनता को चुनौती देने लगते हैं।

ढीमरखेड़ा के ग्रामीणों को इस समस्या का सबसे ज्यादा सामना करना पड़ रहा है। नदियों से रेत चोरी-छिपे निकलती है, लेकिन नुकसान ग्रामीणों को झेलना पड़ता है।

## 3 महीने बाद भी कार्यवाही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

बडवारा विकासखंड के अंतर्गत बरही संकुल के ददरा टोला बिचपुरा स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2024- 25 में हुई अतिथि शिक्षक भर्ती प्रकिया में गड़बड़ी करने वाले दोषी शिक्षक पर शिक्षा विभाग मेहरबान है।

जिला कलेक्टर की जनसुनवाई क्रमांक 20 दिनांक 1 अक्टूबर 2024 की शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी कटनी ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी बड़वारा को बरही तहसील के ददरा टोला बिचपुरा स्कूल की जांच के लिए नियुक्त किया गया था जिसमें बड़वारा ब्लाक के तत्कालीन बीईओ ने जांच पूरी कर जिला शिक्षा अधिकारी कटनी को पत्र क्रमांक/2025/781 दिनांक 5/03/2025 प्रस्तुत किया गया था जांच में प्राप्त अभिमत के आधार अनुसार शासकीय माध्यमिक शाला ददरा टोला बिचपुरा के तत्कालीन प्रधानाध्यापक मान सिंह मरावी के कार्यों एवं एसएमडीसी के कार्यों में भारी अनियमिताएं पाई गई जिसके कारण अतिथि शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया में पारदर्शिता को दरकिनार करते हुए नियम विरोध कम अंक वाले अतिथि शिक्षकों को निजी हित साधने के लिए नियुक्ति दे दी गई और सर्वाधिक स्कोर के आधार पर नियुक्त होने वाले अतिथि शिक्षक के. के. मिश्रा को अपात्र कर दिया था जिसमें प्रथम दृष्टिकोण के आधार पर प्रभारी प्रधान अध्यापक मान सिंह मरावी दोषी पाए गए थे।

बीईओ का जांच प्रतिवेदन मिलने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा तत्कालीन प्रधानाध्यापक मानसिंह मरावी को दोषी मानते हुए उनके उक्त कृत्य को सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 में अंकित कंडिका के विपरीत होने के कारण 17 मार्च 2025 को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया जिसका जवाब संबंधित शिक्षक मान सिंह मरावी उच्च पद प्रभार व्याख्याता (मूल पद उच्च श्रेणी शिक्षक) के द्वारा 24 3.2025 को जिला शिक्षा कार्यालय में प्रस्तुत किया गया जिस पर उन्होंने स्पष्ट रूप से लिखा था कि कंप्यूटर नेटवर्क के संबंध में मुझे पूर्ण जानकारी न होने पर मैं अपने अधीनस्थ काम करने वाले सहकर्मी संतोष कुमार सोनी (माध्यमिक शिक्षक) को नेट संबंधित कार्य करने हेतु आई डी पासवर्ड अवश्य दिया था युक्त जबाब से संतुष्ट न होते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने उक्त तथ्य को स्वीकार योग्य नहीं पाया गया था। जिस पर विधि अनुसार कार्यवाही करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी कटनी ने जनसुनवाई क्रमांक 2025/3205 दिनांक 20 मई 2025 को आयुक्त लोक शिक्षण संचनालय भोपाल को कार्यवाही करने पत्राचार किया था।

#### महाविद्यालय में मद्यपान निषेध सप्ताह के तहत कार्यशाला आयोजित

## छात्रों को शपथ दिलाकर नशामुक्ति अभियान में सक्रिय सहभागिता के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही



शासकीय महाविद्यालय बरही में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में मद्यपान निषेध सप्ताह के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाकर, युवाओं में बढ़ते नशे के चलन को रोकना और समाज को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना है। जिससे समाज एवं देश को नशा मुक्ति की दिशा में ले जाया जा सके, क्योंकि नशे की लत से व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों खराब होता है और इससे परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। नशे की लत से समाज में अपराध भी बढ़ रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि शराब, सिगरेट, गुटखा, तम्बाकू, गांजा, ड्रग्स एवं अन्य मादक पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित करता है, बल्कि इससे परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं युवाओं से अपील की कि वे दबाव, जिज्ञासा या गलत संगति के कारण नशे की लत में न पड़ें बल्कि अपनी ध्यान एवं ऊर्जा को सकारात्मक गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यों में लगाएं।

डॉ. के. के. विश्वकर्मा ने कहा कि नशा आज हमारे समाज के सामने खड़ी एक विकट समस्या है। इससे लड़ने के लिए सरकार के साथ-साथ परिवार और दोस्तों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। यदि हम सभी एकजुट होकर इस बुराई के खिलाफ खड़े हो जाए, तो नशे पर काबू पाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि आज का युवा वर्ग तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहा है। नशा और धूम्रपान को वे अपनी शान समझने लगे हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। यह स्थिति देश के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। क्योंकि, देश की बागडोर इन्हीं युवाओं के हाथ में है।

## अधिकारी, कर्मचारियों ने जिपं सीईओ का किया स्वागत



जिला पंचायत की नव पदस्थ सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर को मनरेगा योजना के तहत जिला एवं जनपद पंचायतों में पदस्थ लोक सेवकों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर शनिवार को सौजन्य भेंट की। साथ ही नवागत जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला पंचायत की सीईओ द्वारा सभी से परिचय लेने के उपरांत मनरेगा के पुराने कार्यों को पूर्ण करने एवं योजना में संचालित गतिविधियों को तत्परता से पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए गए। जिस पर सभी ने एकमत होकर जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर को आश्वस्त किया कि आपके निर्देश और मार्गदर्शन में मनरेगा योजनाओ के क्रियान्वयन में कंधे से कंधा मिलाकर लक्ष्य पूर्ति के अलावा शत प्रतिशत सैचुरेशन हेतु सार्थक प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान जिला पंचायत मनरेगा परियोजना अधिकारी ऋषिराज चढ़ार, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा डॉ. अजीत सिंह,रीठी एपीओ भागीरथ पटेल,नीतू सिंह चौहान, डाटा एंट्री ऑपरेटर सुग्रीव मरावी,रोहित श्रीवास, मोहम्मद आरिफ , सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संग्रहण वाहन से 15 से अधिक मंदिरों से एकत्रित की जा रही पूजन सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम का पूजन सामग्री संग्रहण वाहन प्रतिदिन शहर के विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर निःशुल्क सेवाएं प्रदान कर रहा है। इस वाहन के माध्यम से मंदिरों में एकत्रित पूजन सामग्री को पर्यावरण हित में एकत्र कर उसका उचित निस्तारण किया जा रहा है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में संचालित यह सेवा नगर के धार्मिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक सिद्ध हो रही है। वाहन प्रतिदिन निर्धारित मार्गों से गुजरते हुए मंदिर-मंदिर पहुंचकर पूजन सामग्री एकत्र करता है, जिससे इन स्थलों पर गंदगी फैलने से रोका जा सके।


वाहन के माध्यम से रविवार को वार्ड क्रमांक 16 स्थित काली माता एवं दुर्गा माता मंदिर सहित पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के गायत्री शक्तिपीठ, सोमनाथ मंदिर,कामेश्वर महादेव मंदिर, महाकाल शक्तिपीठ मंदिर, काली माता मंदिर, साईं मंदिर, सन्यासी बाबा मंदिर, हनुमान जी का मंदिर, खेर माता मंदिर,तिलक कॉलेज रोड स्थित शंकर मंदिर, नागेश्वर धाम मंदिर सहित चित्रगुप्त मंदिर से पूजन सामग्री का संग्रहण किया जाकर उचित निस्तारण हेतु भेजा गया।

महापौर प्रीति संजीव सूरी ने नागरिकों से अपील की है कि पूजन सामग्री को नदियों या सार्वजनिक स्थानों पर न फेंके, बल्कि निगम के संग्रहण वाहन को ही सौंपें।

#### जिले के गांव गांव चल रहा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान

## पशुपालकों को दी जा रही है नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



किसानों की पशुपालन के माध्यम से आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से कटनी जिले में 2 अक्टूबर से ₹दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान" शुरू है।अभियान के अंतर्गत गाँव-गाँव पशुपालकों से व्यक्तिशः सम्पर्क किया जा रहा है और उन्हें पशुओं में नस्ल सुधार,पशु स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में जागरूक किये जाने का आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जब पशु चिकित्सा अधिकारी या मैत्री उनके घर आएं, तब पशुपालन के संबंध में उनकी जो भी समस्या हो उन्हें बताएं और समाधान प्राप्त करें।अभियान के अंतर्गत पशुपालन विभाग का अमला गांवों में घर-घर जाकर पशुपालकों से व्यक्तिशः संपर्क कर रहा है और उन्हें पशुओं में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन दे रहा है। साथ ही पशुपालकों की समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने बताया कि दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान 3 चरणों में चलाया जायेगा। इसकी शुरूआत 2 अक्टूबर को ग्राम सभाओं में किसानों के साथ चर्चा से शुरू हो गई है।अभियान के तहत अब तक 281 गांवों में पहुंच कर पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग के अधिकारी और कर्मचारी संपर्क कर चुके हैं। अभियान का प्रथम चरण 9 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान में अभी 10 या 10 से अधिक गो-वंश रखने वाले पशुपालकों से व्यक्तिशः सम्पर्क किया जा रहा है। सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी व मैत्री द्वारा पशुपालकों से गृह भेंट कर और उन्हें पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार के संबंध में जागरूक किया जा रहा है।साथ ही पशुओं में टैग लगाने संबंधी जानकारी भी एकत्र की जा रही है।

उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विकास डॉ आर के सोनी ने बताया कि ₹दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान₹ के द्वितीय चरण में 5 या अधिक गो-वंश रखने वाले पशुपालकों और तीसरे चरण में 5 या कम गो-वंश रखने वाले पशुपालकों से सम्पर्क किया जायेगा।

#### कलेक्टर-एसपी ने हरदुआ गाँव पहुंचकर लोगों से किया संवाद

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत हरदुआ गाँव का होगा सर्वागीण विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

आदि कर्मयोगी अभियान के तहत स्लीमनाबाद के पोषित ग्राम हरदुआ का सर्वागीण विकास होगा क्योंकि हरदुआ गाँव आदिवासी बाहुल्य गाँव है। आदि कर्मयोगी अभियान के तहत चयनित होने पर इस गाँव की अब तस्वीर बदल जाएगी। मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल का हरदुआ आना प्रस्तावित है जिसके चलते है रविवार को कलेक्टर आशीष तिवारी व पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा स्लीमनाबाद के हरदुआ गाँव पहुंचकर निरीक्षण किया।

इस दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहेरिया , एसडीएम राकेश कुमार चौरसिया, सीएमएचओ डॉ राज सिंह ठाकुर, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग शारदा सिंह, जिला संयोजक विमल चौरसिया, कार्यपालन सहज श्रीवास्तव, उपसंचालक कृषि डॉ रामनाथ पटेल, कार्यपालन यंत्री व्ही ए सिद्दिकी, अतिरिक्त सीईओ अनुराग मोदी, जनपद पंचायत सीईओ बहोरीबंद अभिषेक कुमार, एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने गाँव के विकास कार्यों का भी फीडबैक लिया एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाये गये आवासो को देखा।बनाये गए आवासो मे कमियां पाए जाने पर मौजूद अधिकारीयों को पूर्ण कराने निर्देशित किया। आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक विमल चौरसिया ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले के 204 गाँवो को चिन्हित किया गया है, जहाँ आदि सेवा केन्द्रों का संचालन भी शुरू कर पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

जनजातीय सशक्तिकरण का यह अभियान जनजातीय परिवारों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा। आदिवासी बहुल गांवों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए हितग्राहियों के चयन और विश्वास पर खरा उतरने हरदुआ ग्राम के आंगनबाडी भवन मे आदि सेवा केंद्र बनाया गया है। यह अभियान जनजातीय गौरव वर्ष का अभिन्न हिस्सा है। यह विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक होगा, जनजातीय समुदाय को सशक्त बनाएगा तथा स्थानीय नेतृत्व को बढ़ावा देगा।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल 12 अक्टूबर को स्लीमनाबाद के हरदुआ गाँव आना प्रस्तावित है जिसके तहत राज्यपाल हरदुआ गाँव का निरीक्षण कर आदिवासी समुदाय के लोगों से सीधा संवाद करेंगे। राज्यपाल के संवाद कार्यक्रम के लिए स्लीमनाबाद महाविद्यालय मे कार्यक्रम स्थल रखा जायेगा।

राज्यपाल के गाँव निरीक्षण सहित संवाद कार्यक्रम स्थल की सभी व्यापक तैयारियां समय पर सुनिश्चित हो इसके लिए कलेक्टर व एसपी ने हरदुआ गाँव सहित स्लीमनाबाद महाविद्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया ओर अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### गाँव मे खुली पैकारियां

स्थानीय हरदुआ के ग्रामीणों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया से गाँव मे खुली अवैध पैकारिया बंद कराने की शिकायत की, बताया गया कि गाँव मे अवैध शराब के विक्रय होने से रोजाना विवाद की स्तिथी निर्मित होती है, जिसे बंद कराना जरुरी हो गया है, जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अवैध शराब बंद कराने का ग्रामीणों को भरोसा दिया।

वहीं हरदुआ मे नल जल योजना अंतर्गत कराये गए कार्य पूरी तरह गुणवत्ताहीन है!पाईप लाईन कई जगह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है, पेयजल टंकी चालू होते ही टपकने लगी है जिससे पानी ही नहीं रुक पा रहा है!गाँव मे जिस ठेकेदार द्वारा पेयजल टंकी का निर्माण कार्य कराया गया है उसकी अनेको शिकायतें की जा चुकी है किन्तु कोई कार्यवाही नहीं की गई एवं ग्रामीणों को नलजल योजना के तहत पेयजल भी नहीं मिल पा रहा है।

इस दौरान तहसीलदार सारिका रावत, कार्यपालन यंत्री पवन सुत गुप्ता, सहायक यंत्री मोहित तिवारी, बीआरसी प्रशांत मिश्रा, परियोजना अधिकारी सतीश पटेल, प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय, थाना प्रभारी सुदेश कुमार, सहायक यंत्री अरविंद पटेल, विकासखंड समन्वयक अखिलेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



## छात्र-छात्राओं ने ली नशा मुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

मध्य निषेध सप्ताह के अवसर पर रविवार को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बहोरीबंद के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की कक्षा में नशा मुक्त संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे मद्य निषेध सप्ताह से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति पोस्टर प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने बनाए पोस्टरों की प्रभावी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के दौरान विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए ऑनलाइन लिंक से सभी प्रतिभागियों ने नशा मुक्ति की शपथ लेकर प्रमाण पत्र भी डाउनलोड किया। सामूहिक रूप से उपस्थित छात्र-छात्राओं और कार्यकर्ताओं ने नशा न करने और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक अरविंद अरविन्द शाह, परामर्शदाता अवधेश बैरागी, रामसिंह पटेल, विनोद सिंह, आशीष तिवारी, उमा अवस्थी तथा आंकाक्षा पटेल, खुशी पाठक, नंदिता लोधी, सुष्मिता लोधी, गोरी पटेल, संगीता गोंड, छोटी बाई, सपना प्रधान, प्रतिमा, मुकेश रैदास मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

## ऑटो चालक ने की मारपीट

**अमानगंज** - पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना मुख्यालय अंतर्गत वार्ड नंबर 3 पटना मोहल्ला के एक 62 वर्षीय आदिवासी वृद्ध के साथ एक ऑटो चालक द्वारा सड़क पर आवारा पशुओं के आ जाने के कारण बुरी - बुरी गालियां देने के साथ लाठी डंडा से मारपीट कर उसे चोटिल कर दिया। घटना के विषय में फरियादी सुरेश पिता चुनक लाल आदिवासी उम्र 62 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 3 पटना मोहल्ला अमानगंज ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि यह पप्पू मुसलमान के खेत में रखवाली का काम करता है, उसके खेत में कुछ आवारा पशु आ पहुंचे जिन्हें खेत से बाहर निकालते हुए सड़क की ओर किया उसी समय आरोपी सुफल यादव निवासी मझगवां शेख अपनी ऑटो लेकर अमानगंज की ओर आ रहा था रास्ते में पशु आ जाने के कारण आरोपी आक्रोशित हो उठा और उसने फरियादी का डंडा छीनकर फरियादी को ही कई डंडे मारे और उसे जाती सूचक शब्दों का उपयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की सूचना पर अमानगंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हरिजन एक्ट का अपराध दर्ज कर मामला विवेचना में लिया।

## पशुपालकों को दी जा रही है नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की जानकारी

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार दुग्ध उत्पादन को दोगुना से अधिक करने और इसके माध्यम से पशुपालक किसानों की आय बढ़ाने के संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत पशुपालन विभाग का अमला गांवों में घर-घर जाकर पशुपालकों से व्यक्तिशः संपर्क कर रहा है और उन्हें पशुओं में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन दे रहा है। साथ ही पशुपालकों की समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है। अभियान का प्रथम चरण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को आयोजित हुई ग्राम सभाओं से शुरू हुआ, जो 9 अक्टूबर तक चलेगा। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. नरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अभियान में पशुपालकों को चलित पशु चिकित्सा इकाई 1962 की सुविधा सहित विभाग की योजनाओं जैसे पशु बीमा योजना, पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड, आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना, पशु स्वास्थ्य संवर्धन, पशु पोषण तथा कृत्रिम गर्भाधान इत्यादि की जानकारी दी जा रही है। साथ ही नवीनतम तकनीक के जरिए दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के उपायों से भी अवगत कराया जा रहा है।

## कलेही माता मंदिर परिसर में संपन्न हुई विश्वकर्मा समाज की बैठक

**पवई।** कलेही माता मंदिर परिसर में रविवार को ब्लाक इकाई पवई द्वारा विश्वकर्मा समाज की बैठक आयोजित की गई। विश्वकर्मा समाज की बैठक कुंज बिहारी विश्वकर्मा सेवा निवृत्त कृषि विकास अधिकारी एवं पूर्व अध्यक्ष निर्भय विश्वकर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई,जिसमें सभी विश्वकर्मा समाज के उपस्थित बंधुओ द्वारा देशराज विश्वकर्मा सेवानिवृत्ति सचिव को विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष की घोषणा की गई एवं राम गोपाल विश्वकर्मा पवई को उपाध्यक्ष पद एवं बृजेश कुमार विश्वकर्मा को सचिव एवं समाज के प्रभु दयाल पूर्व अध्यक्ष मुन्ना लाल विश्वकर्मा नीलेश ,नत्थू विश्वकर्मा खमरिया नोने लाल ,संतोष विश्वकर्मा प्रहलाद विश्वकर्मा,राम कृष्ण,राम सजीवन हेतराम रघुनाथ मनोज राजकुमार सोनेलाल सुनील तेज बहादुर चंद्रभान रामस्वरूप लाल श्यामलाल परसोत्तम भागवत कमलेश आदित्य राजेंद्र भाइयों दिनेश सुरेश संदीप महेश मनोज कौशलेंद्र एवं समस्त विश्वकर्मा समाज के लोग उपस्थित रहे।

### शायर नैयर दमोही की वर्षी पर हुआ नातिया मुशायरा

# ख़्वाजा अब्दुस्सलाम चिश्ती का वार्षिक उर्स मुबारक संपन्न, प्रदेश भर से पहुँचे ज़ायरीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





महान सूफ़ी संत हज़रत ख़्वाजा अब्दुस्सलाम चिश्ती साहब का वार्षिक 35 वाँ चार दिवसीय उर्स मुबारक स्थानीय पुराना बाज़ार नंबर 02 चिश्ती नगर दमोह में मनाया गया जिसमें देश के अनेक जिलों राज्यों से ख़्वाजा साहब के मानने वाले अकीदतमंद लोग शामिल हुए इस मौके पर देश के प्रसिद्ध क़व्वाल जयपुर राजस्थान से हाजी टिम्मू गुलफ़ाम व पार्टी ने सूफ़ियाना कलाम सुनाये वहीं मेहमान मौलाना के अलावा मौलाना तहसीन रज़ा साहब और हाफ़ज़ि ख़लील रज़ा मुनव्वर रज़ा साहब ने इस्लाही तक़रीर की और बुजुर्गों सूफ़ी संतों की जीवनी पर प्रकाश डाला वहीं स्थानीय शायरों ने ख्वाजा साहब की शान में कलाम पढ़े। उर्स के पहले दिन परचम कुशाई ,नात मनकबत का मुशायरा कार्यक्रम हुआ दूसरे दिन मेहमान मौलाना साहब की तक़रीर प्रोग्राम उर्स के तीसरे दिन चादर जुलूस तक़रीर कार्यक्रम और देर रात तक महफ़लि सिमा कव्वालियों का दौर चला उर्स के आखरी कुल शरीफ की फ़ातिहा के साथ उर्स का समापन हुआ । यह सारे कार्यक्रम उर्स कमेटी अंजुमन चिश्तिया कमेटी द्वारा आयोजित किये गए उर्स कमेटी ने जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन और नगरपालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया उर्स कमेटी सदस्य इम्तियाज़ चिश्ती ने बताया उर्से सलामी में ख़ास बात यह देखी गई कि यहाँ प्रतिवर्ष हज़रत ख़्वाजा अब्दुस्सलाम चिश्ती के उर्से पाक में हर धर्म जाती के लोग शामिल हुए । कार्यक्रम लगातार चार दिनों तक चला उर्स के समापन अवसर पर कुल शरीफ़ की फ़ातिहा के दौरान मुल्क में अमन चौन के लिए सामुहिक दुआ की गई।

देश के प्रसिद्ध अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर नैयर दमोही जी की वर्षी के अवसर पर नातिया मुशायरा का आयोजन हुआ जिंसमें स्थानीय शायरों ने शिरकत की शायर नैयर दमोही ने ऊर्दू शायरी के क्षेत्र में देश के साथ साथ मध्यप्रदेश और जिला दमोह का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया है दमोह की पहचान नैयर दमोही के नाम से भी होती रही है यह भी एक संयोग है कि शायर नैयर दमोही जी के गुरु पीरो मुर्शिद ख़्वाजा अब्दुस्सलाम चिश्ती साहब के उर्स के समापन के दूसरे ही दिन नैय्यर दमोही जी की वर्षी का दिन होता है जिसमें स्थानीय शायरों ने उन्हें इसाले सबाब नात शरीफ की महफ़लि में हिस्सा लिया और नातिया कलाम पढ़े। नैयर साहब की शायरी उनके गुरु पीरो मुर्शिद के लिए ही समर्पित रही और वह ख़्वाजा अब्दुस्सलाम चिश्ती साहब के पसंदीदा शायर थे जिनका इंतक़ाल उनके पीरो मुर्शिद के उर्स के समापन अवसर पर ही हुआ था नैयर दमोही जी की वसीयत अनुसार उनके गुरु ख़्वाजा अब्दुस्सलाम चिश्ती के दरबार के पास ही उन्हें सुपुर्दे ख़ाक किया गया था और यह भी एक संजोग है जब उनके गुरु पीरो मुर्शिद का उर्स का आख़री दिन होता है। उसी दिन से नैयर दमोही साहब की स्मृति वर्षी के अवसर पर नातिया मुशायरा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

## सत्संग आदर्श नाटक कंपनी ने किया नाटक का मंचन



**दमोह।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर के निकट ग्राम जुझार के राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में सत्संग आदर्श नाटक कंपनी जुझार द्वारा नाटकीय मंच का चार दिवसीय मंचन किया गया, जिसमें शुरुआत पूजन अर्चन से हुई। और चार दिवसीय तक प्रस्तुति दी गई, नाटकीय मंच के पहले दिन भक्त हरदौल, दूसरे दिन भक्त प्रहलाद, और तीसरे दिन मौरध्वज, चौथे दिन हास्यप्रद अभिनय प्रोग्राम रहा। कलाकारों का अभिनय देखने बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, कलाकारों में पंडित द्वारका प्रसाद तिवारी, हेमेंद्र असाटी राजन,पंडित तेजेंद्र तिवारी, जुगराज महोबिया, खिलान महोबिया,महेश सेन, पवन सिंह ठाकुर,रामकुमार सेन,छुट्टन अठया, राहुल सेन, केशव सिंह ठाकुर,परम सेन,पुष्पेंद्र महोबिया, राम सेन, मुन्ना अठया,सूरज पटेल, सुंदर अठया,अंगद अठया, सोनू सेन, पंडित दीपेंद्र तिवारी, झाम सिंह ठाकुर, रेवाराम अठया, रज्जू सिंह ठाकुर, धनीराम अठया, गुलाब बाबा,सुनील अठया, परम विश्वकर्मा, ने किरदार निभाया। आयोजकों ने बताया की आने वाली पूर्णिमा को कृष्ण सुदामा सहित अन्य प्रसंगों का मंचन होगा, कड़ोरी सेन ने बताया कि 200 साल पुरानी नाटकीय मंच की परंपरा निरंतर जारी है, प्रतिवर्ष हमारे जुझार गांव में नाटकीय मंच का मंचन किया जा रहा है। जिसमें गांव के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर परंपरा को जीवित रखे हुए है, और कलाकारों की टीम द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है। और नाटकीय मंच को देखने बांदकपुर, हलगज, हलगजिया, मुड़ारी, रियाना, खेरीडंगा, रंजरा, मैली, बमुरिया, हिनौती ठेंगापट्टी,शाखा सहित अन्य गांव के बड़ी संख्या में लोग आ रहे है। सत्संग आदर्श नाटक कंपनी जुझार द्वारा अन्य गांव में भी नाटकीय मंच किया जा रहा है।

# राजपूत क्षत्रिय महिलाओं ने आयोजित किया शस्त्र पूजन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




विजयदशमी पर्व दशहरा को सारे राष्ट्र में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया । इस पर्व को शौर्य और शक्ति के पूजन के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। अस्त्र - शस्त्रों का पूजन का विशेष महत्व परंपरा में स्थापित है। वीर क्षत्राणि समिति, जिला राजपूत क्षत्रिय महासभा दमोह के तत्वाधान में राजपूत समाज के भवन में परंपरागत शस्त्र पूजन एवं क्षत्राणि मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। मां दुर्गा की आराधना एवं तलवार और कटारों का पूजन करने के उपरांत कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मैत्री सिंह राजपूत ने समाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा की, शक्ति पूजन का आशय यही है की महिलाओं को स्वयं में आत्मनिर्भर और सशक्त बनना चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि वह शिक्षित हों। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं पूर्व विधायक एवं समाज की वरिष्ठ मार्गदर्शक श्रीमती स्नेह सलिला हजारी ने कहा की, समाज की हर बेटी को उच्च शिक्षा ग्रहण कर राष्ट्र को समर्पित नई पीढ़ी तैयार करने में अपना योगदान देना चाहिए।राष्ट्र रक्षा ही क्षत्रिय धर्म है। विशिष्ट अतिथि सुमन हजारी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा,कि बदले हुए प्रवेश में हमें सामंजस्य से बैठकर श्रम का और समाज के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कर रहीं संस्था अध्यक्ष मंजु राजपूत ने कहा कि इतिहास के पन्नों पर अपने खून से इबारत लिखने वालों में राजपूत महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं, वह आगे भी देश भक्त पीढ़ियां तैयार करती रहेंगी। इसी तरह के विचार नर्मदा सिंह, सुषमा चौहान और संगीता प्रभात सिंह ने व्यक्त किये । आभार चित्रा सिंह ने व्यक्त किया। द्वितीय चरण में छात्राणियों ने तलवार को अपने- अपने माथे से लगाकर बारी-बारी से शौर्य का प्रदर्शन किया। समाज की कुछ मातृ शक्तियों ने परंपरागत राजपूती घूमर प्रस्तुत कर अपने उल्लास और परंपरा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर, आभा राजपूत,श्रद्धा राजपूत, वंदना परिहार, कविता परिहार, नीतू परिहार, वैजयंती धन सिंह राजपूत, संगीता लक्ष्मण सिंह, संध्या परिहार, कांति हजारी, साधना सिंह, रचना सिंह, रेखा सिंह, कीर्ति राजपूत, वैजयंती परिहार, दीपिका परिहार की विशेष उपस्थिति रही।

# भारत स्वदेशी संकल्प की कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा




भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल हटा की आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प की कार्यशाला का आयोजन उमाश्री पेलेस विधायक कार्यालय में किया गया। सर्व प्रथम भारत माता एवं पार्टी के पितृ पुरूष श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के चित्रों पर माल्यापर्ण कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। आत्म निर्भर अभियान एवं स्वदेशी संकल्प कार्यशाला की रूपरेखा मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा द्वारा रखी गई इसके उपरांत जिला मंत्री श्रीमती सुधा सेन पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष भोले सराफ ने स्वदेशी अभियान पर प्रकाश डालते हुए उस अभियान को देश की आर्थिक विकास की नीति बताया मुख्य वक्ता एवं कार्यशाला प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज ( गोलू) ने आत्म निर्भर भारत अभियान कैसे देश की आर्थिक व्यवस्था बदल सकता एवं स्वदेशी नारा घर घर देकर कैसे देश की आर्थिक नीति को मजबूत कैसे किया जा सकता है। संचालन नगर मंत्री एड कपिल सिंह गौर एवं आभार प्रिंसदीप खटीक ने किया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से नगर महामंत्री रमाकांत सराफ, मयंक खटीक, उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र सिंह राजपूत सोशल मीडिया आई टी संयोजक प्रमोद पटेल, सोमिल सिंह हजारी, भोले ताम्रकार युवा मोर्चा अध्यक्ष गर्वेश राजपूत अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष देवांश तंतुवाय अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मुस्ताक खान, हितेश सोनी, आरिफ खान, जितेंद्र नरेलिया , राकेश नामदेव, बंटी राजपूत आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंत मे नगर के प्रतिष्ठित चित्रकार एवं सेवानिवृत्त शिक्षक मनोज जैन जी के निधन पर शोक संवेदना एवं मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गयी।

## चार युवाओं ने ली गुरू दीक्षा



**फतेहपुर।** भगवती मानव कल्याण संगठन में अजब धाम से नये चार युवा सदस्यों ने गुरु दीक्षा ली। इनमें शिवांक तिवारी, राकेश कुर्मी व मुकेश सेन व बिज्जू सेन ने श्री शक्तिपुत्र जी महाराज धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष सदगुरु देव परमहंस योगीराज जी से दीक्षा प्राप्त की। चारो युवाओं का भगवती मानव कल्याण संगठन में स्वागत किया।

## गौवंश को गौशाला में शिफ्ट कराने के निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने नगर पालिका परिषद पन्ना के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शहर के बायपास पर डाले गए कचरे का ढेर हटवाने एवं उक्त सड़क के आसपास के गायों को दो दिवस में गौशाला में शिफ्ट कराने के निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टर द्वारा नगर भ्रमण के दौरान नगर के बायपास पर कचरे का ढेर और अधिक संख्या में सड़कों में पशु एवं गौवंश पाए गए थे। ग्राम सिमरा में कचरा प्रसंस्करण के लिए भूमि का चिन्हांकन किया जा चुका है। पूर्व में निर्देशों के बावजूद अब तक नगर पालिका द्वारा नवीन स्थल पर कचरे के ढेर को शिफ्ट नहीं कराया गया। गत 10 जुलाई को सड़कों से निराश्रित गौवंश के विस्थापन संबंधी जारी आदेश के पालन में नगर पालिका द्वारा इसके क्रियान्वयन में भी लापरवाही बरती गई।

### हादसे के बाद आक्रोश, शोक की लहर में डूबा नगर

# बहु -ससुर की करंट लगने से मौत

जिले के शाहनगर मुख्यालय के स्थानिय केन नदी के किनारे खेतों मे चारा काट रही महिला को खेत पर करंट लगने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई जबकी बहु को बचाने के लिये गये ससुर की भी करंट की चपेट में आने से उसकी भी दर्दनाक मौत हो गई है।





पन्ना।

दोहरी मोत की खबर सुनते ही शाहनगर सहित समूचे अंचल मे शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी परिजनों को मिली और तत्काल पीडितों को शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के फरियादी म्रतक के बेटे संतोष साहु पिता रज्जु साहु उम्र 45 वर्ष ने थाना शाहनगर पहूंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई की हमारा खेत शाहनगर से निकलने वाली केन नदी के पास लगभग आधा किलोमीटर दूर धनवाही हार में है, जहां खेत पर लगी धान की तकवारी करने शनिवार को गये हुये थे। कुछ देर बाद मेरी पत्नी भी मवेशियों को चारा लेने उन्ही हार के खेतों में गई हुई थी और अपने ससुर से कहकर की में चारा काटने खेत पर जा रही हूं। बस कुछ ही दूरी खेत की मेढ पर चारा काट रही थी की तभी खेत मे धडाम से मेरी पत्नी के गिरने की अवाज सुनकर मेरे पिता रज्जु साहू पति सेवालाल साहु उम्र 65 वर्ष निवासी साहु मोहल्ला बोरी रोड शाहनगर गये थे। खेत की तकवारी कर रहे थे कुछ समय बाद मेरी पत्नी आशा बाई पति संतोष साहु उम्र 35वर्ष निवासी साहु मुहल्ला बोरी रोड शाहनगर भी खेत में चारा काटने पहूच गई तभी करंट की चपेट में आ गई और जमीन पर गिर गई । पिता ने सोचा की शायद किसी जीव जंन्तु के काटने से यह गिर पडी है और उसे उठाने पहूचे और हाथ पकडकर जैसे ही मेरी पत्नी आशा बाई को उठाने लगे तो वह भी मुर्छीत होकर गिर पडे आस - पास खेतों के किसान तत्काल दौडे और विद्युत कर्मचारियों को फोन पर सूचना दी तत्काल शाहनगर कनिष्ठ यंत्री ने विद्युत लाईन बंन्द कराई और मौके पर परिजनों सहित सभी स्थानिय किसान पहूंचे और सभी ने मिलकर दोनों लोगों को शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां बी एम ओ सर्वेश लोधी ने दोनों को चैकअप करते हुये म्रत घोषित कर दिया।

### इनका कहना है

शाहनगर मुख्यालय के बोरी रोड मे निवासरत बहु और ससुर की मौत करंट लगने से हुई है मर्ग कायम कर दोनों शवों का पीएम करा दिया गया और लाश परिजनों को सौंप दी गयी है।

# बटियागढ़ में रानी माता अवंतीबाई लोधी की मूर्ति स्थापित कराने के प्रस्ताव पर सभी ने दी सहमति



**बटियागढ।** नगर में रानी माता अवंतीबाई लोधी की मूर्ति स्थापित कराने शासन स्तर से संस्कृति विभाग के माध्यम से प्रस्तावित कराने बना एजेण्डा आज 3 अक्टूबर दिन शुक्रवार को विभिन्न सामजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ जनों की बैठक आयोजित हुई जो बटियागढ ब्लॉक स्थित टेड़ा आम परिसर धाम में रखी गई जिसमे अखिल भारतीय लोधी लोधा राजपूत महासभा के जिलाध्यक्ष प्रेमसिंह ठाकुर, लोधी क्षत्रीय महासभा के दमोह नगर अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री हाकम सिंह ठाकुर, अजाक्स जिला दमोह महासचिव डीसी बैन, बटियागढ ब्लॉक युवा ब्लॉक अध्यक्ष प्रहलाद सिंह ठाकुर, युवा ब्लॉक अध्यक्ष हटा राकेश सिंह, बसिया सरपंच बलवान सिंह ठाकुर, आलोक संघ के बटियागढ ब्लॉक अध्यक्ष केशव सिंह ठाकुर, वरिष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, भूतपूर्व सैनिक अमर सिंह ठाकुर, लोधी लोधा महासभा महिला मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी सिंह ठाकुर, युवा महिला मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष नंदनी सिंह लोधी, मगरोन से सुरेन्द्र सिंह, पर्वत सिंह, अमोल सिंह, रोशन सिंह, गुड्डु सिंह, राशि लोधी, रश्मि लोधी, अरविंद चौरसिया, रोशन लाल, सहित सर्वसमाज के बहुत से बुद्धिजीवि युवा वरिष्ठ जनो ने अपने बिचार रखकर समर्थन किया और बटियागढ ब्लॉक मे रानी अवंतीबाई लोधी का स्टेचो मूर्ति मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग से रखवाने बैठक मे लिखित प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए एवं अंशदान भी करने सहयोग किया, प्रहलाद सिंह ठाकुर ने 50 हजार, एवं हाकम सिंह ठाकुर ने 1 लाख नकद सहयोग राशि देने का बैठक मे बचन दिया। आगामी बैठक मगरोन क्षेत्र के युवा सुरेन्द्र सिंह के आमंत्रण पर बटियागढ ब्लॉक के मगरोन क्षेत्र मे आयोजित कराने बैठक मे प्रस्ताव पारित किया गया।

# आरएसएस शताब्दी वर्ष पर हुआ विशिष्ट आयोजनः दिखा स्वयंसेवकों का अनुशासन, जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत

पवई।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को नगर में भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जगदीश स्वामी मंदिर परिसर में किया गया, जहां सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में एकत्र हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षक रमेश साहू, मुख्य वक्ता के रूप में जिला संचालक रुद्रप्रताप यादव, एवं खंड संचालक धनराज सिंह भदौरिया उपस्थित रहे। प्रारंभ में संघ प्रार्थना और संपत कार्यक्रम के बाद बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता रुद्रप्रताप यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आरएसएस का शताब्दी वर्ष केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और नवसंकल्प का अवसर है। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य समाज में संस्कारित नागरिक तैयार कर राष्ट्र को मजबूत बनाना है। मुख्य अतिथि रमेश साहू ने संघ की अनुशासन और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि संघ ने समाज में एकता और राष्ट्रीय चेतना को प्रबल बनाया है।बौद्धिक कार्यक्रम के बाद नगर में भव्य पथ संचलन निकाला गया। स्वयंसेवकों की अनुशासित पंक्तियों और एकरूप वेशभूषा ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। संचलन मार्ग पर नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। बच्चों और महिलाओं ने भी घरों से फूल बरसाकर उत्साह व्यक्त किया। संपूर्ण नगर “भारत माता की जय” और “जय श्रीराम” के नारों से गूंज उठा। पथ संचलन के दौरान अनुशासन और संगठन की मिसाल प्रस्तुत करते स्वयंसेवक जनमानस के लिए प्रेरणा बने। कार्यक्रम के समापन पर संघ गीत के साथ स्वयंसेवकों ने राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया।

**खबर संक्षेप**

## जिले के स्कूलों के लिए 5 करोड़ की राशि स्वीकृत

**दमोह।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल ने बताया कि डीएमएफ मद (गौण खनिज) से जिले के स्कूलों के सुधार कार्य के लिए इस वर्ष 05 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 10 करोड़ रुपये की लागत से सभी विधानसभाओं में समान रूप से स्कूलों की मरम्मत और सुधार कार्य कराए गए थे। इस बार भी प्रथम चरण में 5 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है, जबकि आगे 4 से 5 करोड़ की राशि और स्वीकृत की जाएगी। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए सुरक्षित व व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना है। कई बार समाचार आते हैं कि स्कूल की छत गिरने से छात्र घायल हो जाते हैं, ऐसे हादसों को रोकने के लिए ही यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है, ग्राम खिरिया के भ्रमण के दौरान राज्यमंत्री ने स्कूल की मरम्मत कार्य को देखकर संतोष जताया। उन्होंने बताया कि शिक्षक भी इस काम को पूरी रुचि से करवा रहे हैं। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो और किसी प्रकार की गड़बड़ी न पाए।

## श्री द्वारकाजी की तीर्थ यात्रा ट्रेन 10 को लौटेंगी

**दमोह।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत श्री द्वारकाजी की तीर्थ यात्रा रेलगाडी 10 अक्टूबर 2025 को वापस आयेगी। जिला दमोह हेतु 200 सीटें आबंटित की गई थीं। उक्त यात्रा हेतु रेण्डमाईजेशन उपरांत चयनित यात्रियों की सूची जारी कर उन्हें टिकटों का वितरण निकायों के माध्यम से किया गया। इस सबंध में डिप्टी कलेक्टर छोटेगिरी गोस्वामी ने बताया श्री द्वारका जी की तीर्थ यात्रा हेतु रेलगाडी क्रमांक 00131 भारत गौरव ट्रेन दमोह रेल्वे स्टेशन से 05 अक्टूबर 2025 को रात्रि 09:40 बजे गई थी।

## रिटा. एसआई गोविन्द अहिरवार का हृदयगति रूकने पर निधन

**हिण्डोरिया।** नगर के थाना मुहल्ला वार्ड नं.11 मे निवासरत आशीष अहिरवार एवं अमित अहिरवार के पिता रिटायर्ड एसआई गोविन्द अहिरवार जी का 70 वर्ष की आयु मे हृदय गति रूकने के चलते अचानक निधन हो गया। उनकी अंतिम शव यात्रा मे सभी वर्गों के लोगों ने भाग लिया। एवं मृतक को श्रृध्दांजलि अर्पित की।

### एक करोड़ 16 लाख रुपए से निर्मित जनजाति समाज के बड़ादेव आराध्य स्थल पेनठाना (मंदिर) का राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने किया लोकार्पण

# देश में जनजाति गौरव और संस्कृति हो रही है पुनर्जीवित

**हमें वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है - राज्यपाल**

**केंद्र सरकार और राज्य सरकार जनजाति वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है-केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उईके**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने कहा कि सरकार द्वारा जनजाति गौरव, इतिहास और उनकी संस्कृति को पुनर्जीवित करने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकर जनजाति गौरव और उनके इतिहास, संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है। प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने कहा है कि मध्यप्रदेश में जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। दमोह जिले में बड़ादेव आराधना स्थल के लोकार्पण का मुझे अवसर मिला इस पर मैं बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। बड़ादेव जनजाति समाज के प्रथम पूज्य देव हैं, प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2021 में दमोह जिले के चौरई ग्राम पंचायत में बड़ादेव मंदिर निर्माण के संबंध में घोषणा की गई थी। जोकि आज पूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि मैं जनजाति समाज के भाईयों को दमोह जिले में बड़ादेव आराधना स्थल के लोकार्पण के अवसर पर ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई देता हूँ।

प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल आज दमोह जिले के जबेरा विकासखंड के ग्राम पंचायत चौरई में लगभग एक करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से निर्मित जनजाति समाज के बड़ादेव आराध्य स्थल पेनठाना (मंदिर) के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने लगभग 1 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से निर्मित बड़ादेव पेनठाना का लोकर्पण किया तथा बड़ादेव पेनठाना में बड़ादेव की पूजा, अर्चना की।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार जनजाति समाज के लोगों के कल्याण के लिए सतत कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दिल से जनजाति समाज के प्रति संवेदना रखते हैं। प्रधानमंत्री द्वारा जनजाति समाज के कल्याण के लिए योजना बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि देश में महिलाओं की तकलीफ दूर करने के लिए उज्जवला योजना जैसी अभिनव योजना लाई गई है, वहीं गरीब और कमजोर तबके के लोगों के लिए आयुष्मान योजना लाई गई है। उन्होंने कहा कि जनजाति वर्ग के सबसे पिछड़ी जातियां बैगा, भारिया और सहरिया वर्ग के लोगों के लिए केन्द्र सरकार जनमन योजना जैसी अभिनव योजना संचालित कर रही है।ये जिसमें लगभग 24 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से बैगा, भारिया और सहरिया समाज के लोगों को सीधा लाभ होगा। राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित धरती आबा योजना के तहत मध्यप्रदेश में अनेक विकास कार्य किए जा रहे हैं। जिसका सीधा लाभ जनजाति वर्ग के लोगों को होगा।

राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती के संपूर्ण जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती ने जिस अदम्य साहस के साथ अपने राज्य का संचालन किया, मुगलों के आक्रमणों का मुकाबला किया और देश की सुरक्षा के लिए अपना प्राणोत्सर्ग किया। रानी दुर्गावती की इस कुर्बानी से सभी को प्रेरणा लेन की आवश्यकता है।

समारोह को संबोधित करते हुए भारत सरकार के केन्द्रीय राज्य मंत्री जनजातीय कार्य विभाग श्री दुर्गादास उईके ने कहा कि पूरे आदिवासी समाज की ओर से मैं मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल का गोंडवाना पेनठाना लोकार्पण समारोह में स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल द्वारा दमोह जिले के ग्राम चौरई में आदिवासी बड़ादेव आराधना स्थल पेनठाना के लोकार्पण से मैं अभिभूत हूँ। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। हमारे आदिवासी समाज का उल्लेख ऋग्वेद, त्रेतायुग, द्वापरयुग के विभिन्न प्रसंगों में जनजातीय समाज की सहभागिता रही है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के एकलव्य ने जिस प्रकार शिक्षा ली उसकी शिक्षा हमें प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम ने शबरी माता के हाथों बेर खाए थे यह भी हमारी पौराणिक मान्यताओं को प्रतिपादित करती है। केन्द्रीय मंत्री श्री दुर्गादास उईके ने कहा कि हमारे जनजातीय समाज में राजाओं ने मध्यभारत में लगभग 1400 सालों तक शासन किया। यह हमारा गौरवशाली इतिहास है। किंतु मुगलों और अंग्रेजों द्वारा हमारे गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को मिटाने के प्रयास किए हैं। हमारी संस्कृति और हमारा स्थापत्य और हमारा इतिहास आज भी गौंड राजाओं द्वारा निर्मित किलों के खण्डहरों में मिलता है।

केन्द्रीय मंत्री श्री दुर्गादास उईके ने कहा कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकार जनजाति वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आईआईटी, इंजीनियरिंग, मेडीकल की पढ़ाई के लिए जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने देश के लगभग 63 हजार जनजाति बहुल गावों को चिन्हित किया है। इन सभी जनजाति बहुल गावों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। समारोह को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती की जन्म जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत चौरई में बड़ादेव आराधना स्थल के लोकार्पण से मैं बहुत अभिभूत हूँ। उन्होंने कहा कि सिंगौरगढ़ गौंडवाना की महारानी दुर्गावती की कर्मभूमि रही है। उन्होंने कहा कि महारानी दुर्गावती के कर्मस्थल पर स्थापित बड़ादेव आराधना स्थल पेनठाना को पर्यटन स्थल बनाया जाएगा। इस अवसर पर संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल को वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की।

समारोह को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि महारानी दुर्गावती के जन्म दिवस पर मैं जनजाति समाज के सभी लोगों को बड़ादेव आराधना स्थल के लोकार्पण की शुभकामना देता हूँ।

राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि हम लोग तो जनसेवा के लिए काम कर रहे हैं चाहे आदिवासी समाज हो या अन्य समाज हम सभी के लिए कार्य कर रहे है। हमारा लक्ष्य है और हमारे प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति का जब तक सामान्य विकास न हो जाये तब तक चैन से ना बैठे।

उन्होने कहा कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से गरीब से गरीब व्यक्ति अपना इलाज करा पा रहा है, धरती आवा योजना, जनमन योजना का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डॉ. मोहन यादव जी का उद्देश्य है।

समारोह को संबोधित करते हुए दमोह सांसद श्री राहुल सिंह ने कहा कि भारत के किसानों और युवाओं के श्रम का उन्हें उचित लाभ मिले इसके लिए हम सभी को स्वदेशी वस्तुएं अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आगामी दीपावली पर्व एवं अन्य पर्वों में नागरिक और ग्रामीण स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने दमोह जिले के जनजातीय लोक जीवन पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया। राज्यपाल द्वारा बड़ोदव पेनठाना स्थल परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया।

समारोह में पूर्व सांसद एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष दमोह श्रीमती रंजीता गौरव पटेल, विधायक हटा श्रीमती उमादेवी खटीक, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विशाल जनसमुदाय उपस्थित था।

## राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आदर्श आदि सेवा केंद्र का किया शुभारंभ



**दमोह।** प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने जिले के ग्राम सिंग्रामपुर में आदर्श आदि सेवा केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने हितग्राहियों को हित लाभ और प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड प्रदान करते हुए मनजीत सिंह और रंजीत गौड़ को जाति प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए दोनों छात्रों से पूछा पढ़ लिख कर क्या बनोगे, दोनों भाइयों ने आत्मविश्वास भरे लहजे में कहा डॉक्टर बनेंगे। इसके साथ ही राज्यपाल ने अन्य हितग्राहियों से भी चर्चा की। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि जिले में 171 आदि सेवा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 07 आदर्श सेवा केंद्र हैं। उन्होंने बताया इस केंद्र के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाएं हितग्राहियों को दी जाएगी यह केंद्र बाजार दिवस शनिवार को लगेगा। आदर्श आदि सेवा केंद्र सिंग्रामपुर में कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने हितग्राही मुकेश सींग ठाकुर को आयुष्मान योजना, संजय सींग गौंड को संबल कार्ड, आरती गौंड को लाडली लक्ष्मी योजना, मंजीत सींग गौंड को जाति प्रमाण पत्र, रंजीत गौंड को जाति प्रमाण पत्र जैसी योजनाओं से लाभान्वित किया।

## सिकल सेल एवं टीवी स्क्रीनिंग केंद्र का किया अवलोकन

**दमोह।** आज महारानी दुर्गावती के 502 वे जन्म वर्ष के मौके पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल सिग्रामपुर पहुंचे। यहां कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए सिकल सेल एवं टीवी स्क्रीनिंग के केंद्र का अवलोकन किया। राजपाल मंगुभाई पटेल ने सिकल सेल एनीमिया और छय रोग जैसी बीमारियों के बारे में चर्चा करते हुए इनके प्रति सचेत रहने, सामान्य लक्षण दिखाई देने पर त्वरित जांच केंद्र पहुंचकर जांच करने के संबंध में उपस्थित जन समुदाय को जागरूक किया।

## आदिवासियों के साथ किया भोजन



**दमोह।** प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल और केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार दुर्गादास उइके ने आज सिंग्रामपुर मैं कार्यक्रम के दौरान आदिवासी भाइयों के साथ भोजन किया और आदिवासी भाइयों से आत्मीय चर्चा की।

## रानी दुर्गावती जी की प्रतिमा पर किए पुष्प अर्पित



**दमोह।** दमोह वीरांगना रानी दुर्गावती प्रतिमा स्थल पहुंचकर राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने रानी दुर्गावती के 502 बे जन्मदिवस के अवसर पर पुष्प अर्पित किए। तदोपरांत राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने प्रतिमा स्थल पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पारिजात का पौधारोपित किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री जनजाति कार्य मंत्रालय दुर्गा दास ऊईके ने भी पुष्प अर्पित करते हुए प्रतिमा स्थल पर पौधारोपित किया।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत आदि साथी एवं आदि सहयोगियों के साथ आयोजित किया संवाद कार्यक्रम

**दमोह।** अभी प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी जी का प्रदेश में कार्यक्रम था आयुष्मान कार्ड का वितरण हुआ जिसमें प्रदेश का स्थान प्रथम है। मैं आपको बताना चाहता हूॅ कि जॉच में भी प्रदेश का स्थान पूरे देश में प्रथम है। प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल जिले के सिग्रामपुर में आयोजित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत आदि साथी एवं आदि सहयोगियों से संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि आगे जाकर डिजिटल कार्ड बनाए गए हैं उनसे मिलान कर शादी ब्याह हो जिससे आगे जाकर बच्चा सिकल सेल वाला न हो। क्योकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है कि 2047 तक एक भी बच्चा सिकल सेल वाला पैदा न हो, ऐसा अभियान उन्होने चलाया है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार और आम नागरिक इसमें सहयोग करें जिससे इस अभियान को एक सार्थक दिशा मिल सकें। उन्होने कहा कि राज्य सरकार ने एक काम किया है जो पैसा एक्ट वाला जो गॉव है वहॉ पर लोगो को डिजीटल कार्ड दिये है जिससे समिति शादी के समय डिजीटल कार्ड मिलाकर युवक- युवती की शादी करें, पैसा एक्ट वाले गॉव में यह कार्य समिति करेगी। उन्होंने कहा यह काम बड़ा पुण्य का काम है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा वीरांगना रानी दुर्गावती के बारे में कौन नही जानता होगा, उनकी 500 वर्ष पुरानी विरासत है, आज विद्यार्थी उनको पाठ्य पुस्तक में पढ़ते है, मैं कल्पना करता हूॅ कि वह वीरंगना कैसी होगी, जब मैने उनके बारे में पढ़ा तो पता चला कि उन्होनें जीवन में कई संघर्ष किये। जब लड़ाई होती तो वह अपने दॉतो से घोड़े की लगाम दबाकर दोनो हाथो से तलवार चलाती थी, हम कल्पना भी नहीं कर सकते है, उनके जीवन चरित्र से हमको बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है, जिससे हमको आभास होगा कि उन्होने हमारे देश और समाज के लिए क्या किया है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि एक दम छोटे लोगो की बात, आदिवासी की बात, उसमे भी बैगा, भारिया, सहरिया जिनको आज तक कोई पूछता नही था मध्यप्रदेश में 2011 की जनगणना के अनुसार आदिवासियों की जनसंख्या 1 करोड़ 54 लाख थी मुझे लगता है कि 2025 के बाद उनकी जनसंख्या मध्यप्रदेश में करीब 1 करोड़ 90 लाख होगी। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की बहुत सारी योजना है, जिसमें दो योजनाओं की बात जरूर करूंगा जिसमें पीएम जनमन योजना बैगा, भारिया, सहरिया जिनकी मध्यप्रदेश में जनसंख्या 13 लाख 40 हजार सरकारी रिकार्ड में है उनके लिए राज्य सरकार ने 24 हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया है, इस योजना का तीसरा वर्ष चल रहा है। पीएम जनमन योजना के अंतर्गत शिक्षा, आवास, सिचाई, रास्ता यह सब आ गया है, दूसरी योजना धरती आबा उत्कर्ष योजना जो कि बिरसा मुंडा के जन्मदिवस से प्रारंभ हुई है, देश के जितने भी आदिवासी है उनके लिए 80 हजार करोड़ रूपये का प्रावधान है, उसमें 70 प्रतिशत केंद्र सरकार और 30 प्रतिशत राज्य सरकार का अंशदान है और उसमें 18 डिमार्टमेंट है, यह योजना 05 वर्ष की है, आदि कर्मयोगी अभियान के अंर्तगत सभी ग्रामों में लोगो को प्रशिक्षण देने वाले है। उन्होने कहा कि प्रशासन के जितने भी अधिकारी और कर्मचारी है वह योजना का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाने का कार्य करें और जितनी भी जनप्रतिनिधिगण और सामाजिक कार्यकर्ता है वह भी इसमें सहयोग करें। जिससे योजना का लाभ हर व्यक्ति तक पहुँचे, मैं सभी से अपेक्षा करूगा कि आप सभी इसमें सम्मिलित हो। सिकल सेल आदिवासियो में आनुवांशिक रूप से होते है माता-पिता में होगा तो बच्चे में भी आयेगा।

# संघ ने किया शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



विजयादशमी के पावन पर्व पर गायत्री बस्ती में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डा केदार शिवहरे एवं मुख्य वक्ता के रूप में दमोह सुशील नामदेव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान से शस्त्र पूजन के साथ किया गया। मुख्य वक्ता सुशील नामदेव ने अपने उद्बोधन में बताया कि डॉ. हेडगेवार जी ने वर्ष 1925 में मात्र 10-12 विद्यार्थियों के साथ खेल-खेल में राष्ट्र भाव जगाकर विजयादशमी के दिन संघ की स्थापना की थी। आज वह छोटा सा संगठन विश्व का सबसे बड़ा संगठन बन चुका है।उन्होंने कहा कि संघ ने शून्य से लेकर शतक तक की यात्रा में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन एवं सेवा के माध्यम से समाज में वसुधैव कुटुंबकम्‌ की भावना जागृत की है। आज संघ की एक लाख से अधिक शाखाएं देश के शहरों, ग्रामों, बस्तियों और मोहल्लों में संचालित हो रही हैं।भाईसाब ने समाज परिवर्तन के लिए पंच परिवर्तन — पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी अपनाने, कुटुंब संरक्षण, सामाजिक सद्भाव और नागरिक कर्तव्यों के पालन — पर जोर देते हुए कहा कि इन मूल्यों को जीवन में अपनाकर हम राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं.विजयादशमी पर आयोजित पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय से प्रारंभ होकर गायत्रीमंदिर गेट होते हुए डिग्री कालेज के पीछे से डा अग्रवाल स्कूल के पीछे से खेर माता मंदिर, तीनगुल्ली चौराहा, स्टेशन चौराहा होते हुए बस स्टेण्ड चौराहा से पुनःसरस्वती शिशु विद्यालय में संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में स्वयंसेवकों ने अनुशासन और एकता का परिचय देते हुए समाज में राष्ट्रीय चेतना का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय गायत्री बस्तीवासी उपस्थित रहे। संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन विशेष रूप से किया गया, जगह जगह फूलो की वर्षा से राष्ट्रभक्ति और संगठन के आदर्शों की गूंज पूरे क्षेत्र में सुनाई दी।

# संभाग स्तरीय टेविल टैनिस प्रतियोगिता में टाईम्स पब्लिक स्कूल ने लहराया परचम

**दो छात्र छात्राएं स्वर्ण पदक से हुए सम्मानित**



**दमोह।** संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में टाईम्स पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने अपना परचम लहराया। संभागीय स्तर पर टेविल टैनिस प्रतियोगिता का आयोजन 04.10. 2025 को सागर में हुआ। जिसमे टाईम्स पब्लिक स्कूल के छात्रा छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। टेविल टैनिस टीम शनिवार सुबह सागर के लिए रबाना हुई जिसमें टाईम्स पब्लिक स्कूल के छात्र लिलि राय, रक्षा ठाकुर व हरि ओम राठौर भी शामिल रहे। इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन देते हुए छात्रा रक्षा ठाकुर व लिलि राय ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया और अपने परिजनों व स्कूल का नाम रोशन किया । इस अवसर पर शाला के संचालक महोदय श्री डॉ. सुशील गुप्ता, प्रियांश गुप्ता और शाला के प्राचार्य श्री अजय मिश्रा ने छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अजाक्स संघ ने महामहिम राज्यपाल को दिया ज्ञापन



**दमोह।** 5 अक्टूबर 2025 रविवार को ग्राम चौरई सिग्रामपुर में बड़ादेव स्थान के लोकार्पण के अवसर पर महामहिम राज्यपाल महोदय मध्यप्रदेश को सगा समाज एवं अजाक्स संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य/संभागीय सह प्रभारी सागर संभाग डॉ मोहन सिंह आदर्श द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति वर्गो के हितों में ज्ञापन दिया गया जिसके महत्वपूर्ण मुख्य विन्दु मध्यप्रदेश में बैकलॉग भर्ती की जावे जिससे मध्यप्रदेश के सवा लाख शिक्षित बेरोजगारों को स्थाई रोजगार मिल सके, ग्राम चोरई में हाई स्कूल प्रारम्भ कर साथ ही छात्रावास खोला जावे, अध्यापक से शिक्षा विभाग में सम्मलित शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दी जाए,अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग की महिलाओ को शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार से जोड़ने हेतु कुटीर उद्योग स्थापित किये जावे। इस अवसर पर गेंदा शाह उइके, राष्ट्रीय अध्यक्ष भुमका संघ, सरपंच सुनील सिंह एवं पूर्व सरपंच बालकिशुन ठाकुर, नारायण सिंह ठाकुर, पूर्व अपर कलेक्टर, नारायण सिंह मराबी,विश्वनाथ धुर्वे,अजय सिंह मराबी, हाकम सिंह मराबी, कृपाल सिंह मराबी, दयाराम चक्रवर्ती,आदि उपस्थित रहे।